दिनांक 04.11.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुंगेर के परिसर में प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, एनेक्सी भवन, चहारदिवारी आदि के जीर्णोद्धार कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-

---

<u>उपस्थितिः-</u>

(i) **श्री विनोद चौधरी,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री अमरजीत कुमार,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, मुंगेर।

(iii) **श्री रवि चंद,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, मुंगेर।

1	कार्य का नाम	- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुंगेर के परिसर में प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, एनेक्सी भवन, चहारदिवारी आदि के जीर्णोद्धार कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का	- ₹3,05,29,000/- (युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का ज्ञापांक-98 दिनांक-29.01.2026)
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग (विद्युत कार्य सहित)	- ₹2,52,86,000/- (मु0अभि0 (द0) का पत्रांक-1028(द0) अनु0 दिनांक-13.04.2026
4	परिमाण विपत्र की राशि	- ₹ 2,52,69,081/- (असैनिक कार्य)
5	निविदा की राशि	- ₹ 2,52,69,081/-
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	- पी0आर0संख्या-008214(भ0) 26-27 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-18.07.2026 में प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 18.07.2026
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	- 17.09.2026 / 21.09.2026
9	निविदा की तिथि	- 06.10.2026
10	निविदा खोलने की तिथि	- 06.10.2026

11 <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> -

(1) आनन्द कुमार पटना (Reg. No- 1421/2024, Class-II, BSEIDCL)।
(2) अनिल कुमार, पटना (Reg. No- 1250306, Class-I, BCD)।
(3) गुंजन कुमार, पटना (Reg. No- 2250387, Class-II, BCD)।
(4) मे0 पी0 प्रकाश कंसट्रक्सन, मुंगेर (Reg. No- 250120220008, Class-III, PHED)।
(5) मे0 समर्थ इन्टरप्राईजेज, पटना (Reg. No- 2240122, Class-II, BCD)।
(6) देवानन्द यादव, मुंगेर (Reg. No- 1240068, Class-I, RWD)।
(7) रिदया कंसट्रक्सन, पटना (Reg. No-1763/2025, Class-II, BSEIDCL)।
(8) मे0 कुहु कंसट्रक्सन कंपनी, भागलपुर (Reg. No- 1250312, Class-I, BCD)।

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>
<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

इस निविदा में त्रुटि पूर्ण निविदा रहने के कारण इस निविदा को रद्द करते हुए पुनः निविदा करने का निर्णय लिया गया।

<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक 04.11.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मुंगेर द्वारा निविदा मे शामिल कुल आठ निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा आठ निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गयाः-

प्रथम निविदाकार आनन्द कुमार पटना (Reg. No- 1421/2024, Class-II, BSEIDCL) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि (i) एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(d) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा सबकॉट्रैक्टर का इलेक्ट्रिक कार्य से संबंधित शपथ-पत्र में इस कार्य का उल्लेख नहीं पाया गया। (ii) एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5B(a) के अन्तर्गत मांगी गयी (Concrete Mixer with Integral weigh Batching facility 01 No.) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा केवल Concrete Mixer का इनवाईस अपलोड किया गया है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(d) तथा 4.5B(a) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

द्वितीय निविदाकार अनिल कुमार, पटना (Reg. No- 1250306, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

तृतीय निविदाकार गुंजन कुमार, पटना (Reg. No- 2250387, Class-II, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

चतुर्थ निविदाकार मे0 पी0 प्रकाश कंसट्रक्सन, मुंगेर (Reg. No- 250120220008, Class-III, PHED) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

पंचम निविदाकार मे0 समर्थ इन्टरप्राईजेज, पटना (Reg. No- 2240122, Class-II, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

षष्ट्म निविदाकार देवानन्द यादव, मुंगेर (Reg. No- 1240068, Class-I, RWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि (i) एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(d) के तहत मांगी गयी "The contractor or his identified sub-contractor should possess required valid electrical license for executing the building electrification works" के विरूद्ध निविदाकार द्वारा इलेक्ट्रिक लाईसेंस अपलोड नहीं पाया गया। (ii) एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत मांगी गयी "Executed in any one year, the minimum quantities /amount of the following items of work" के विरूद्ध निविदाकार द्वारा अपलोडेड कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में मदों की मात्रा/राशि का वित्तीय वर्षवार विवरणी नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(d) तथा 4.5A(c) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

सप्तम् निविदाकार रिदया कंसट्रक्सन, पटना (Reg. No-1763/2025, Class-II, BSEIDCL) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि (i) एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(d) के तहत मांगी गयी "The contractor or his identified sub-contractor should possess required valid electrical license for executing the building electrification works" के विरूद्ध निविदाकार द्वारा इलेक्ट्रिक लाईसेंस अपलोड नहीं पाया गया। (ii) एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत मांगी गयी पी0एच0ई0 कार्य (2,84,915/-) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा अपलोडेड कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि का वित्तीय वर्षवार विवरणी नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(d) तथा 4.5A(c) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

अष्ट्म निविदाकार मे0 कुहु कंसट्रक्सन कंपनी, भागलपुर (Reg. No- 1250312, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि (i) एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(d) के तहत मांगी गयी "The contractor or his identified sub-contractor should possess required valid electrical license for executing the building electrification works" के विरूद्ध निविदाकार द्वारा इलेक्ट्रिक लाईसेंस अपलोड नहीं पाया गया। (ii) एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5B(a) के अन्तर्गत मांगी गयी (Concrete Mixer with Integral weigh Batching facility 01 No., Shuttering (2000Sft.) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा अपलोडेड इनवाईस पॉच वर्षो से अधिक पुराना पाया गया है तथा Water Tank का इनवाईस अपलोड नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(d) तथा 4.5B(a) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

इस प्रकार आठ निविदाकारों में से चार निविदाकारों को **''रिसपान्सिव''** एवं चार निविदाकारों को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपान्सिव''** पाया गया।

13 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) अनिल कुमार, पटना (Reg. No-1250306, Class-I, BCD) (2) गुंजन कुमार, पटना (Reg. No- 2250387, Class-II, BCD) (3) मे0 पी0 प्रकाश कंसट्रक्सन, मुंगेर (Reg. No- 250120220008, Class-III, PHED) (4) मे0 समर्थ इन्टरप्राईजेज, पटना (Reg. No- 2240122, Class-II, BCD) को **सफल** एवं (5) आनन्द कुमार पटना (Reg. No-1421/2024, Class-II, BSEIDCL) (6) देवानन्द यादव, मुंगेर (Reg. No- 1240068, Class-I, RWD) (7) रिदया कंसट्रक्सन, पटना (Reg. No-1763/2025, Class-II, BSEIDCL) (8) मे0 कुहु कंसट्रक्सन कंपनी, भागलपुर (Reg. No- 1250312, Class-I, BCD) को **असफल** घोषित किया गया, साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-10.11.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तक्नीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-
(रवि चंद)
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, मुंगेर।

ह0/-
(अमरजीत कुमार)
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, मुंगेर।

ह0/-
(विनोद चौधरी)
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0तु0वि0-03-03/2017..257/S.. पटना/दिनांक...4/11/26.....

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

4/11/26

मुख्य अभियंता (द0)।